प्रेस-विज्ञप्ति   दिनांक 14.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/जिला मलेरिया विभाग द्वारा प्राप्त सूचना वार्ड 63 रुआबांधा का एक संदेहास्पद डेंगू का मरीज जिला चिकित्सालय में भर्ती है सूचना प्राप्त होते ही निगम आयुक्त एस 0के0संदरानी द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में 14 फरवरी को प्रभावित मरीज के घर के आसपास एवं 300 मीटर परिधि के अंतर्गत नाली एवं मार्गों की सफाई कराई गई एवं चुना का छिड़काव कराया गया। प्रभावित मरीज के घर शिविर दल द्वारा संपर्क किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बीमार प्रतीक कुमार शर्मा पिता लक्ष्मीकांत शर्मा 17 वर्ष गांधी चौक रुआबांधा का निवासी है जो कि मितानिन मिथलेश शर्मा का पुत्र है। 3 फरवरी को प्रतीक शर्मा शादी समारोह में सम्मिलित होने खरगोन (म 0प्र0) 12 फरवरी को सर्दी, खांसी, बुखार आने पर 13 फरवरी को जिला चिकित्सालय दुर्ग में भर्ती किया गया स्वास्थ्य में सुधार न होने पर 14 फरवरी को मेकाहारा हास्पिटल रायपुर भेज दिया गया , अभी वर्तमान में रायपुर में ईलाज जारी है। जन समुदाय में व्यापक जनजागरुकता हेतु 140 नग पाम्पलेट का वितरण किया गया। मच्छर उन्मूलन हेतु नाली के जमाव पानी/गंदे स्थानों पर स्प्रेयर पम्प द्वारा 1000 एम0एल0 मैलाथियान का छिड़काव कराया गया। 20 कूलर में व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु मैलाथियान का छिड़काव कराया गया। सर्वेक्षण दल द्वारा प्रभावित मोहल्ले में 398 घरों में गृह भेंटकर पुछताछ किया गया क्षेत्र मोहल्ले में और एक भी संदेहास्पद मरीज नहीं पाया गया। सर्वेक्षण दल ने जिला मलेरिया विभाग से राजकुमार मर्सकोले , मोहन राव (सर्वेलेंस कार्यकर्ता) , शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला से स्वास्थ्य संयोजक चित्रसेन चन्द्राकर , अजय पैकरा, वार्ड की एएनएम एवं निगम की टीम द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।